## एक नजर में

### मंदसौर में देश का पहला 'भारत सरसों संगम 2026', 1500 से अधिक किसान हुए शामिल




**मंदसौर।** मंदसौर जिले के ग्राम कनघट्टी में देश का पहला 'भारत सरसों संगम 2026' आयोजित किया गया, जिसमें 1500 से अधिक किसानों ने भाग लेकर सरसों उत्पादन और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस ऐतिहासिक आयोजन में कृषि क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों एवं संस्थाओं ने स्टॉल लगाकर उन्नत बीज, पोषण प्रबंधन, जैविक व पुनर्योजी कृषि पद्धतियों तथा बाजार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों को दीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने किसानों को पुनर्योजी कृषि अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि तिलहनी फसलों का विस्तार किसानों की आय बढ़ाने के साथ देश को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगा। इस अवसर पर The Solvent E&tractorsÓ Association of India के चेयरमैन डॉ. बी. वी. मेहता ने सरसों उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की अपील की, वहीं सॉलिडरिडाड के महाप्रबंधक सुरेश मोटवानी ने पुनर्योजी कृषि मॉडल को किसानों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में Adani Wilmar Limited, Louis Dreyfus Company और VVF Limited के प्रतिनिधियों ने गुणवत्ता आधारित खरीद, मूल्य संवर्धन और बाजार व्यवस्था की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. चुंडावत ने फसल चक्र, जैविक खाद, संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा परीक्षण आधारित खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला उप संचालक कृषि रवींद्र मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई एवं तिलहन प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से लाभ लेने का आह्वान किया। संगम में लगे स्टॉल किसानों के आकर्षण का केंद्र रहे, जहां उन्होंने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। इस आयोजन में मंदसौर के साथ रतलाम, नीमच, हरियाणा और राजस्थान से आए प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कन्हैयालाल, जनप्रतिनिधि, सरपंच, किसान एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नगर पालिका ने अभियान चलाया 12 श्वान पकड़े गए

**मंदसौर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के दिशा निर्देश के अनुसार नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा के द्वारा स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आवारा एवं निराश्रित श्वान (कुत्तों) को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है दिनांक 19 व 20 फरवरी को दो दिवस की अवधि में जनकुपुरा क्षेत्र, दशरथ नगर एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय रोड के समीप स्थित सिद्ध श्री कॉलोनी से श्वान कुत्तों को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया गया जिसमें 12 श्वान (कुत्ते) पकड़े गए।

### ग्राम टीलाखेड़ा में भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ती/ अभिमत 23 फरवरी तक प्रस्तुत करें

**मंदसौर।** मल्हारगढ़ तहसीलदार द्वारा बताया गया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पिपल्यामण्डी द्वारा ग्राम टीलाखेड़ा में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 54/2/3 मे से रकबा 0.10 हेक्टेयर भूमि पर एस.बी.एम.लिक्विड वेस्ट मेनेजमेंट योजनान्तर्गत एस.टी.पी. प्लान्ट लगाने हेतु भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। एस.टी.पी. प्लान्ट लगाने के लिए अभिमत 23 फरवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकता है।

## मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व जीएसटी ट्रिब्यूनल पर सेमिनार

**मन्दसौर।** 'जीएसटी के लिये बहुप्रतीक्षित अपीलेट ट्रिब्यूनल का गठन प्रारंभ हो गया है और उनमें अपील योग्य फैसलों के बारे में भी जानकारी प्रसारित हो चुकी है। एक चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के नाते अब हमें यह अध्ययन करना होगा कि हमारे करदाताओं के विरुद्ध आरोपित किन पेनल्टी के लिये हम जीएसटी की अपीलेट ट्रिब्यूनल में अपनी अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। अपील किस ट्रिब्यूनल में दाखिल होगी, उसकी समय सीमा क्या होगी और वह किस पोर्टल पर करनी होगी, यह सारी जानकारी हमें होना जरूरी है।'

उक्त विचार मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा जीएसटी ट्रिब्यूनल पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए सीए नयन जैन ने व्यक्त किये। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दैनिक जीवन में उपयोग विषय पर संबोधित करते हुए सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या ढ्ढ की चर्चा इस समय पूरे विश्व में हो रही है और हर कोई इसके प्रभाव व दुष्प्रभाव से घबराया हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि ढ्ढ कभी भी मनुष्य की जगह नहीं ले सकता है। यह सिर्फ एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से मानव अपना कार्य सुगमता से कम समय में सम्पन्न कर सकता है। हमें इन्हीं तकनीकों में पारंगत होकर ढ्ढ के माध्यम से अपने कार्यों को संपादित करवाना है।



> कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि आज के सेमिनार के दोनों ही विषय अत्यंत ज्वलंत विषय हैं। जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल के कार्यों के बारे में जानकारी हमें अपने क्लाइंट के खिलाफ पारित आदेशों के प्रति अपील कर उन्हें पेनल्टी में राहत दिलाने में मदद करेगी वहीं ढ्ढ के उपयोग से हम अपने व्यवसाय के नियमित कार्यों को अधिक क्षमता के साथ संपादित करने में सक्षम होंगे। ढ्ढ की वजह से निश्चित रूप से नौकरियां कम होंगी लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हर नयी चीज कुछ अच्छा भी लेकर आती है। हम सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए यह सोचें कि ढ्ढ का उपयोग कर हम किस प्रकार से नये उद्यमी तैयार कर सकते हैं। ये नये उद्यमी ही हमें विश्व में भारत का परचम लहराने में सहयोगी सिद्ध होंगे। अतिथियों का स्वागत सीए विनय अग्रवाल, अर्पित नागर, रीतेश पारिख, आयुष जैन, गौरव गुप्ता, कमलेश पाटीदार, रचित जैन, सुबोध सिंहल, श्याम लालवानी, सुमित सोनी, योगेश गुप्ता, रंजना पाटीदार, रोहन सोमानी, अमन मेहता, योगेन्द्र जैन आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीए आशीष जैन ने किया। अतिथि परिचय सीए चेतन गुप्ता व सीए नितिन देवनानी ने दिया। आभार प्रदर्शन सचिव सीए नितेश भदादा ने किया।



## इनरव्हील क्लब मंदसौर की मासिक बैठक संपन्न

**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर की मासिक बैठक का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष श्रीमती हेमा हिंगड़ ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुई। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की तथा आगामी सेवा परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों ने समाजसेवा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं जैसे महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा सहयोग एवं जरूरतमंदों की सहायता कृ के विषय में अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष श्रीमती हिंगड़ ने सभी सदस्यों से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि क्लब का उद्देश्य सेवा, मित्रता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाना है। मीटिंग की प्रायोजक पूर्व अध्यक्ष मधु ऊकावत का क्लब द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान रोचक गेम खिलाए गए गेम में प्रथम पुरस्कार सुनीता मित्तल, द्वितीय शर्मिला बसेर ,तृतीय बीनू कीमती। लकी ड्रॉ की विनर को एडिटर किरण भामावत द्वारा शिमला जैन, इंदु पंचोली को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. उर्मिला तोमर एवं मेजर उषा कुमावत द्वारा प्रेम एवं देश भावना से प्रेरित कविता पाठ किया।

## कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों के पुतले फूंके, इस्तीफे की मांग

**मंदसौर। कांग्रेस द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों - कैलाश विजयवर्गीय, राजेन्द्र शुक्ल और विजय शाह के पुतलों का दहन किया गया। पूतला दहन प्रदर्शन शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।**

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष इष्टा भाचावत एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विकास दशोरा ने बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ ओर प्रदेश के तीनों कलंकित मंत्रियों के खिलाफ दिनांक 20 फरवरी शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर गांधी चौराहा पर दोपहर 12 बजे व्यापक विरोध प्रदर्शन कर मंत्रियों पुतला दहन किया गया एवं नैतिकता के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग की गई। आपने बताया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जनता की जान-माल की सुरक्षा में पूरी तरह विफल रही है। दोषी मंत्रियों को बचाने में लगी हुई हैं। कांग्रेस इन मंत्रियों के खिलाफ जनता की आवाज बनकर सड़क पर लगातार उतर रही है और आगे भी आम जन की आवाज उठाती रहेगी।

विरोध के दौरान कांग्रेसजनों ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के मंत्री राजेन्द्र शुक्ल कफ सिरप कांड में हुई मौतों के लिए जिम्मेदार है। मंत्री विजय शाह ने सेना और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर प्रदेश को शर्मसार कर चुके है वहीं कैलाश विजयवर्गीय दूषित जल से हुई मौतों पर घोर लापरवाही ओर गैर जिम्मेदाराना कृत्य लगातार कर रहे है जिसके विरोध में शुक्रवार को तीनों मंत्रियों का पुतला फूंका गया।

**एक नजर** | विद्यालय प्रांगण को आकर्षक सजावट से सजाया गया

## शामावि भाटरेवास में विद्यार्थियों के विदाई समारोह

**भाटरेवास।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय भाटरेवास में शासकीय माध्यमिक विद्यालय के कक्षा आठवीं तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों का संयुक्त विदाई समारोह अत्यंत गरिमामय, प्रेरणादायी एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

विद्यालय प्रांगण को आकर्षक सजावट से सजाया गया था तथा विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। विदाई समारोह भावनाओं, प्रेरणा और नव संकल्पों का सुंदर संगम रहा। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का आशीर्वाद लेकर जीवन की नई शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ करने का दृढ़ संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल एवं सुसंगठित संचालन शाला के शिक्षक रामगोपाल सालित्रा द्वारा किया गया।



कार्यक्रम का प्रारंभ माँ शारदा की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्राओं ने कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं समस्त शाला स्टाफ का तिलक लगाकर एवं रक्षा सूत्र बांधकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वातावरण श्रद्धा, सम्मान एवं स्नेह से परिपूर्ण रहा। मंचासीन अतिथियों का परिचय सालित्रा द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य शंकरलाल आंजना उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक आदरणीय भागीरथ डिया, ग्राम के वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक हीरालाल परिहार, जन शिक्षक रामचंद्र लोहार, अध्यक्ष के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश भाटी की विशेष उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि शंकरलाल आंजना ने अपने उद्बोधन में कक्षा आठवीं के पश्चात कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को व्यावसायिक विषयों इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर दृ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीकी शिक्षा का युग है और विद्यार्थी यदि प्रारंभ से ही इन विषयों को अपनाते हैं तो वे भविष्य में स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

# नीमच


## एक नजर में

### जिले में नरवाई जलाने की कोई घटना ना हो : कलेश



**नीमच।** आगामी सीजन में जिले में नरवाई जलाने की कोई घटना ना हो। नरवाई का समुचित प्रबंधन सभी किसान एवं हार्वेस्टर संचालक अनिवार्य रूप से करें। यह बात एडीएम श्री बी.एस.कलेश ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में शुक्रवार को जिले एवं जिले के बाहर (पंजाब) से आए हार्वेस्टर संचालकों और कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में उप संचालक कृषि पी.सी.पटेल, सहायक संचालक कृषि श्री रमेश चौहान श्री ओएस बर्मन व अन्य अधिकारी तथा हार्वेस्टर संचालक उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री कलेश ने कहा, कि वायु प्रदुषण की रोकथाम के लिए नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। अत:कोई भी किसान नरवाई ना जलाए। हार्वेस्टर संचालक भी अपने हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर या नरवाई प्रबंधन के उपकरणों का उपयोग कर, फसलों के अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए जाकरूक किया जा रहा हैं। सभी हार्वेस्टर संचालक भी अपने हार्वेस्टर के साथ नरवाई प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में हार्वेस्टर संचालकों ने भी अपने सुझाव दिए।

### मनासा में कांग्रेस का प्रदर्शन, तीन मंत्रियों के पुतले दहन



**मनासा।** प्रदेश सरकार की नीतियों और मंत्रियों के कथित विवादित बयानों के विरोध में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सड़क पर उतर आई। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नगर के कारगिल चौराहा पर प्रदर्शन करते हुए तीन मंत्रियों के पुतले फूंके। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। करीब आधे घंटे तक चले इस प्रदर्शन में चौराहे पर यातायात आंशिक रूप से प्रभावित रहा। पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुतला दहन के दौरान पुलिस ने पुतले छीनने का प्रयास किया, जिससे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। बाद में पुलिसकर्मियों ने जलते पुतलों पर पानी डालकर आग बुझाई। अमेरिका-भारत ट्रेड डील, मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव, इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों, कथित 'कप सिरफ कांड' तथा सदन में अमर्यादित भाषा के उपयोग जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ल तथा विजय शाह के पुतले दहन किए। ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं और मंत्रियों के बयान प्रदेश की छवि को धूमिल कर रहे हैं। उनका कहना था कि जनहित के मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुलडोजर की गड़गड़ाहट में दबे सपने

▸ **मनासा में गरीबों की बस्ती उजड़ी, न्याय की आस में भटकते परिवार**

**नीमच/मनासा।** जिले के मनासा में अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्यवाही गुरुवार को उस वक्त मानवीय त्रासदी में बदल गई, जब श्मशान रोड स्थित झुग्गी बस्ती पर नगर परिषद का बुलडोज़र गरजा और देखते ही देखते करीब 2 हेक्टेयर भूमि को खाली करवा दिया गया। इस कार्रवाई में लगभग 30 गरीब परिवारों के आशियाने जमींदोज हो गए। बताया जा रहा है कि अचानक हुई कार्रवाई से परिवारों को अपना सामान तक निकालने का मौका नहीं मिला। कुछ ही मिनटों में रसोई का राशन, बच्चों की किताबें, बिस्तर और बरसों की जमा-पूंजी मलबे में दब गई। जिन दीवारों में उम्मीदें बसती थीं, वहां अब सिर्फ धूल और टूटी यादें बची हैं।

> **रोते-बिलखते परिवारों की पीड़ा**
>
> कार्रवाई के बाद सामने आए वीडियो में महिलाएं-बच्चे फूट-फूटकर रोते दिखे। पीड़ितों का आरोप है कि प्रशासन ने बिना पर्याप्त सूचना दिए बुलडोज़र चला दिया। उनका कहना है हमें घर से सामान तक निकालने नहीं दिया। राशन, कपड़े, बिस्तर सब मलबे में दब गया। अब हम कहां जाएं बरसात और ठंड के मौसम के बीच खुले आसमान के नीचे आए इन परिवारों के सामने अब सिर छुपाने का भी संकट खड़ा हो गया है।

**सीएमओ का पक्ष** - वहीं मनासा नगर परिषद के सीएमओ संजय पाटीदार का कहना है कि श्मशान रोड पर लगभग 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। उनके अनुसार पहले नोटिस दिया गया था, लोगों को सामान निकालने का समय दिया गया उसके बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त भूमि पर एक शासकीय प्रोजेक्ट प्रस्तावित है, जिसके कारण अतिक्रमण हटाना आवश्यक था।

> **सवालों के घेरे में मानवीय संवेदनाएं**
>
> कानूनी प्रक्रिया अपनी जगह है, लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या गरीबों की बस्ती हटाने से पहले पुनर्वास या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जानी चाहिए थी बुलडोज़र ने सिर्फ दीवारें नहीं तोड़ीं उसने उन परिवारों की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की नींव भी हिला दी। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं क्या बेघर परिवारों को राहत और न्याय मिलेगा, या मलबे में दबे उनके सपने यूं ही धूल बन जाएंगे।

### कलेक्टर से न्याय की गुहार

बेघर हुए परिवार शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर कार्यालय के बाहर गुहार लगाई। उन्होंने नगर परिषद के कर्मचारियों और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए और मांग की कि उन्हें उसी स्थान पर रहने दिया जाए या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## बेटे ने दो दोस्तों के साथ घर में की चोरी, तीनों गिरफ्तार

▸ **नीमच में पिता ने दर्ज कराई थी ट्रैक्टर-कार चोरी की रिपोर्ट**




**नीमच।** नीमच के हनुमंतिया व्यास में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने अपनी गाड़ी चोरी की रिपोर्ट लिखवाई और पुलिस जांच में उसका अपना ही 19 साल का बेटा चोर निकला। फरियादी जितेंद्र नागदा ने कुछ दिनों पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर से ट्रैक्टर, कार और बाइक चोरी हो गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बेटे के दोस्तों पर शक जताया था। इस शिकायत पर थाना प्रभारी पुष्पा सिंह चौहान ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान जितेंद्र के बेटे दीपेश पर शक हुआ, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती बरतने पर दीपेश ने सच उगल दिया और माना कि चोरी की पूरी साजिश उसी ने रची थी।


> **दो दोस्तों के साथ मिलकर की चोरी**
>
> दीपेश ने पुलिस को बताया कि उसने बरखेड़ा सिंधिया के सतीश और दोबद के योगेश के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से चोरी का ट्रैक्टर और कार बरामद कर ली है।
>
> **23 फरवरी तक रिमांड पर आरोपी**
>
> पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 23 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बेटे ने अपने ही घर में चोरी क्यों की और इसके पीछे असली वजह क्या थी।

**एक नजर** | 'भू माफिया-शराब माफिया को नहीं बख्शा जाएगा, यह मोहन सरकार है' -कैलाश विजयवर्गीय

## दिलीपसिंह परिहार ने विधानसभा में उठाया सरोवर होटल का मुद्दा

**नीमच।** नीमच के तरणताल क्षेत्र स्थित सरोवर होटल की भूमि पर कथित अवैध लीज स्थानांतरण एवं शराब दुकान संचालन का मामला विधानसभा में गूंजा। दिलीप सिंह परिहार ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से यह मुद्दा उठाते हुए सदन को अवगत कराया कि वर्ष 1986 में नगर सुधार न्यास द्वारा 3 वर्षो के लिए होटल संचालन हेतु दी गई लीज को वर्ष 2012 में नियम विरुद्ध तरीके से दूसरे लीजधारक को 30 वर्षों के लिए हस्तांतरित कर दिया गया। इसके बाद प्रयोजन के विपरीत वहां शराब दुकान संचालित की जाने लगी।

विधायक परिहार ने आरोप लगाया कि यह पूरा प्रकरण अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ और इसकी निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों व लीजधारक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगभग 5 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मामले पर जवाब देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया लीज आवंटन में अनियमितता पाई गई है और विधि अनुसार लीज निरस्त की जाएगी। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा, 'प्रदेश में भू माफिया और शराब माफिया के लिए कोई स्थान नहीं है। चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो, नियम विरुद्ध कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



> प्रदेश की मध्य प्रदेश सरकार ने भी हाल के समय में अवैध कब्जों और माफिया गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। विधायक परिहार ने कहा कि 'यह मोहन सरकार है, यहां भू माफियाओं को संरक्षण नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई मिलती है।' उल्लेखनीय है कि विधायक दिलीप सिंह परिहार उक्त भूमि को मुक्त कराने के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। विधानसभा में मामला उठने के बाद प्रशासन ने जांच प्रक्रिया तेज कर दी है और विधि अनुसार लीज निरस्त करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## हार्वेस्टर संचालकों की बैठक का आयोजन किया

**नीमच।** अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले में कार्यरत समस्त हार्वेस्टर संचालकों की बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अपर कलेक्टर, नीमच द्वारा बताया गया कि फसल नरवाई एक धरोहर है, जिससे जैविक खाद बनाए, जलाए नहीं। अगर हम फसल नरवाई को जलाते है तो हम नरवाई को जलाकर भूमि को बंजर बनाने व पर्यावरण को प्रदूषित करने का कार्य कर रहे है साथ ही हार्वेस्टर संचालकों को कलेक्टर द्वारा फसल अवशेष/नरवाई जलाने से पर्यावरण, जन स्वास्थ्य एवं जीव जन्तुओं कों होने वाली हानि की घटनाओं कों दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत नीमच जिले में फसल अवशेष/नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है जारी आदेश से भी अवगत कराया गया।

जिले में समस्त हार्वेस्टर संचालनकर्ताओं को हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया व प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन किये जाने की स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में उप संचालक कृषि, सहायक कृषि यंत्री एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। अंत में आभार उप संचालक कृषि, नीमच श्री पी.सी. पटेल ने माना।